# हीरानंदानी ग्रुप यूपी में ₹28,440 करोड़ का निवेश करेगा

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी द्वारा आयोजित निवेशक राउंडटेबल में कई बड़े निवेशकों ने नए निवेश की घोषणा की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की, जहां इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनंद भी मौजूद दे। मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य बन गया है।

राउंडटेबल में हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने 30 MV का डेटा सेंटर की क्षमता को दोगुना करने और 28,440 करोड़ की चिप निर्माण परियोजना शुरू करने की घोषणा की, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अवाडा ग्रुप की उपाध्यक्ष सिंदूर मित्तल ने 1.50 GW सोलर मॉड्यूल इकाई की सफलता के बाद 20,000 करोड़ के नए निवेश की बात कही। अल्ट्राटेक सीमेंट के एमडी केसी झंवर ने अलीगढ़, शाहजहांपुर और टांडा में 1,981 करोड़ के निवेश से विस्तार की योजना साझा की।